राजस्थान पत्रिका , पेज नंबर :- 02

दिनांक :- २८/०२/२०२६

संख्या में चार गुना इजाफा, अक्टूबर-2022 से दिसंबर-2025 के दौरान 11.50 करोड़ से अधिक यात्रियों ने मेट्रो ट्रेन में यात्रा की

# मेट्रो ट्रेन में दैनिक यात्रियों की संख्या 35 हजार से बढ़कर डेढ़ लाख तक पहुंची

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**गांधीनगर.** अहमदाबाद और गांधीनगर के बीच दौड़ने वाली मेट्रो ट्रेन में गत तीन वर्षों में हर रोज सफर करने वालों की संख्या में चार गुना तक इजाफा हुआ है। दैनिक यात्रियों की संख्या 35 हजार से बढ़कर डेढ़ लाख तक पहुंच गई है। अक्टूबर-2022 से दिसंबर-2025 के दौरान 11.50 करोड़ से अधिक यात्रियों ने मेट्रो ट्रेन में यात्रा की है। अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो में पिछले 3 वर्षों में यात्रियों को किफायती और कुशल शहरी परिवहन का अनुभव मिला है। अक्टूबर 2022 से दिसंबर 2025 के दौरान 11.50 करोड़ से अधिक यात्रियों ने मेट्रो में सफर किया है। मासिक आंकड़ों को देखें तो वर्ष 2023 के दौरान प्रति माह औसतन 12 से 27 लाख यात्रियों ने मेट्रो का उपयोग किया। वर्ष 2024 में यह संख्या बढ़कर लगभग 27 से 35 लाख प्रति माह दर्ज की गई। वहीं, वर्ष 2025 में इस आंकड़े में बड़ा उछाल देखने को मिला। विशेषकर जुलाई और सितंबर में प्रतिमाह 44 लाख से अधिक यात्रियों ने मेट्रो सेवा का लाभ उठाया।

**छात्रों-कर्मचारियों-पर्यटकों को होगा फायदा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत 11 जनवरी को अहमदाबाद मेट्रो रेल फेज-2 के तहत गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर तक मेट्रो सेवा का शुभारंभ किया था। महात्मा मंदिर तक मेट्रो नेटवर्क का विस्तार होने से अहमदाबाद और गांधीनगर के बीच कनेक्टिविटी मजबूत हुई। अब महात्मा मंदिर मेट्रो स्टेशन से गांधीनगर रेलवे स्टेशन तक सीधी कनेक्टिविटी भी उपलब्ध होगी। साथ ही अक्षरधाम मंदिर और दांडी कुटीर पर्यटन स्थलों तक आसानी से पहुंचा जा सकेगा। मेट्रो नेटवर्क के इस विस्तार से हजारों कर्मचारियों, छात्रों और पर्यटकों को लाभ होगा।

## कोल्डप्ले कंसर्ट में 4.11 लाख ने किया सफर

गत वर्ष अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में 25 और 26 जनवरी को दो दिवसीय कोल्डप्ले कंसर्ट के दौरान 4.11 लाख से अधिक यात्रियों ने मेट्रो सेवा का उपयोग किया। आईपीएल मैचों में भी दर्शकों ने मेट्रो से सफर करने को तरजीह दी। आईपीएल, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों व रथयात्रा के दौरान यात्रियों की संख्या 1.6 से 2.1 लाख दर्ज की गई।

## 68 किमी के मेट्रो नेटवर्क से 53 स्टेशन कवर

मेट्रो फेज-2 के पूरा होने से गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (जीएमआरसी) की ओर से विकसित 68 किमी का मेट्रो नेटवर्क अब 53 स्टेशनों को कवर करेगा। महात्मा मंदिर तक मेट्रो सेवा शुरू होने से निजी वाहनों पर निर्भरता कम होगी, यातायात की समस्या से निजात मिलेगी और यात्रियों को किफायती एवं पर्यावरण अनुकूल सफर का विकल्प मिलेगा।